तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.9 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 जनवरी 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



मौसम सुहाना होते ही विवेकानंद उद्यान में बच्चे खेलने पहुंचने लगे हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएम, डिप्टी सीएम आज शहर में





**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव 8 जनवरी को पुलिस ग्राउंड में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह सहित सरगुजा और मुंगेली जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे 8 जनवरी को सुबह 10.15 बजे रायपुर से विमान से सरगुजा के लिए रवाना होंगे और सुबह 11.30 बजे अंबिकापुर में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे अंबिकापुर से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 3:20 बजे बिलासपुर में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे। शाम 4:50 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पुलिस ग्राउंड से चकरभाठा एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और 5:10 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री श्री साव शाम 6.30 बजे बिलासपुर से मुंगेली जिले के जरहागांव के लिए रवाना होंगे। वे शाम 7 बजे जरहागांव में कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे रात 8 बजे वहां से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री साव रात 8.30 बजे वापस बिलासपुर पहुंचेंगे। वे बिलासपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

### मुक्त विवि में प्री बीएड के लिए 20 तक आवेदन

**बिलासपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में संचालित बीएड में प्रवेश के लिए 28 जनवरी को प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए 20 जनवरी तक विवि की वेबसाइट www.pssou.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इससे पहले शुल्क सहित आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को फिर से आवेदन नहीं करना पड़ेगा, लेकिन किन्हीं कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए अभ्यर्थियों को शुल्क देना होगा। अभ्यर्थी 25 जनवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

### आरक्षक भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग में सिपाही, ड्राइवर और ट्रेडमैन के करीब 6 हजार पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 15 फरवरी तक फार्म भरे जाएंगे। इसमें सामान्य वर्ग की फीस 200 रुपए है। एसटी, एससी के लिए 125 रुपए। इसी तरह इस भर्ती के लिए जनवरी 2023 की स्थिति में आवेदक की उम्र 18 साल से कम और 28 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पूर्व सैनिक, राज्य सरकार से पदक प्राप्त उम्मीदवार और अन्य को भर्ती में छूट दी गई है। इसके लिए दस्तावेज पेश करना होगा।

# 15 हजार वर्गफीट सरकारी जमीन पर कब्जा, चार साल से न जगह खाली कर रहे न ही 3 करोड़ जमा कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

पूर्ववर्ती कांग्रेस ने 2019-20 में नजूल भूमि पर 2017 से पहले के कब्जाधारियों को 152 फीसदी पर व्यवस्थापन की योजना शुरू की। सरकारी जमीन की नीलामी भी की गई। 2022-23 तक इस योजना पर काम हुआ। नजूल और राजस्व विभाग ने डेढ़ हजार से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा, लेकिन 20 फीसदी प्रकरणों का भी निराकरण नहीं हो सका। शहर में नजूल भूमि की नीलामी के भी प्रकरण भी शून्य ही रही और किसी को आबंटन नहीं किया जा सकता है। फ्री होल्ड की योजना भी ठंडे बस्ते में जाते दिख रही है। चार सालों में सिर्फ 18 लोगों ने इसमें रुचि दिखाई। इन लोगों को करीब 15 हजार वर्गफीट जमीन का आबंटन भी किया गया है। इनसे विभाग को 4 करोड़ की राशि लेनी थी, लेकिन 5 लोगों ने एक करोड़ के करीब राशि जमा की। बाकी तीन करोड़ रुपए के लिए विभाग कई बार नोटिस जारी कर चुका है, लेकिन न तो आबंटित जमीन छोड़ी जा रही और न ही पैसे ही जमा किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों कोर्ट में याचिका दायर करते हुए छूट की मांग की है।


कांग्रेस सरकार ने योजना बनाई थी कि अवैध कब्जे वाली सरकारी (नजूल) जमीन को खाली कराने के बजाय पट्टेधारियों को 600 वर्ग फीट जमीन महज विकास शुल्क लेकर ही नियमित कर दिया जाएगा। इसके अलावा यदि किसी ने अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया है तो 200 वर्ग फीट अधिक जमीन को कलेक्टर गाइडलाइन रेट के 152 प्रतिशत भाग देकर फ्री होल्ड कराया जा सकेगा। यह नियम 20 अगस्त 2017 से पहले कब्जे वाली जमीन पर लागू होना था।

### सरकार बदली अब नई गाइडलाइन का इंतजार

योजना के तहत कब्जाधारियों ने जब आवेदन किया तो गूगल एप से यह पता लगाया गया कि जमीन पर कब्जा कब हुआ। उसके बाद बेचने या नीलाम करने का फैसला लिया गया। अगस्त 2017 के बाद से हुए कब्जे को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया। अधिकारियों के मुताबिक आवासीय और व्यावसायिक गाइडलाइन रेट से 152 प्रतिशत देना पड़ेगा। 10 रुपए प्रति वर्ग फीट के हिसाब से विकास शुल्क भी देना पड़ेगा। अब प्रदेश में सरकार बदल गई है। इसके साथ ही नजूल विभाग में लंबित आवेदनों पर कार्रवाई रुक गई है। शासन से निर्देश मिलने के बाद इस संबंध में आगे कार्रवाई शुरू होगी।

### नजूल भूमि के 600 कब्जाधारियों का व्यवस्थापन भी नहीं

- 152 प्रतिशत पर नजूल जमीन का मालिकाना हक देने की योजना खटाई में
- कुछ लोगों कोर्ट में याचिका दायर करते हुए छूट की मांग की, नीलामी भी शून्य



### बिना डायवर्सन लोन देने बैंकों पर डाला दबाव

जमीन आबंटन के बाद लोगों को नजूल विभाग में रकम जमा करनी थी। हालांकि सरकारी रेट से करीब दोगुना फीस मांगी गई तो कब्जाधारियों के हाथ-पैर फूल गए। नोटिस के बाद जब लोगों ने इतनी रकम नहीं दे पाने की बात कही तो तत्कालीन कलेक्टर ने पहल की। बैंकों से कहा कि नजूल के कब्जाधारियों को लोन दे दें, ताकि वे जमीन खरीद लें। हालांकि निजी स्वामित्व की डायवर्टेड भूमि पर ही बैंक या वित्तीय संस्थान लोन देते हैं यह जानते हुए भी जिले के अधिकारियों ने घंटों बैंक अधिकारियों की बैठक ली। बैंकों पर दबाव डाला गया कि जमीन की रजिस्ट्री से पहले ही मात्र आवेदन के आधार पर नजूल भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को लोन दें। नियम विरुद्ध लोन नहीं देने पर अधिकारियों के निर्देश पर बैंकों को नोटिस जारी किया गया।

### 20 से 60 लाख रुपए तक जमा करने नोटिस

वर्ष 2019 से 22 तक नजूल विभाग के नोटिस सुर्खियां बनी रहे। शहर में सर्वे कराकर अतिक्रमण का आंकड़ा इकट्ठा किया गया। कब्जाधारियों को नोटिस दिया गया कि वे 152 फीसदी राशि जमा कर व्यवस्थापन योजना के तहत स्वामित्व ले लें। ऐसा नहीं करने पर जमीन खाली कराई जाएगी। अतिक्रमण करने वालों को 20 से 60 लाख रुपए तक जमा करने के नोटिस भेजे गए। नजूल विभाग ने 1500 से अधिक नजूल भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजकर 152 फीसदी पर व्यवस्थापन के लिए कहा लेकिन 600 लोगों ने ही आवेदन किया। 900 के करीब लोगों ने आवेदन ही नहीं किया। नजूल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 2019 से 2023 तक नजूल विभाग को मिले करीब 600 आवेदनों में 412 का निराकरण हुआ। 116 आवेदन लंबित हैं।

### प्रकरणों का कर दिया है निराकरण

सरकार की योजना के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लोगों से आवेदन लिए गए थे। फ्री होल्ड के तहत कुल 18 प्रकरण स्वीकृत किए गए थे। इन्हें राशि जमा करने के लिए नोटिस दिया गया है। इसके अलावा नजूल भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजकर 152 फीसदी पर व्यवस्थापन के लिए कहा गया था। 600 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। अधिकांश प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है।

**- एसएन दुबे,** नजूल अधिकारी

रात 3 बजे तिफरा फ्लाईओवर के खंभे से टकराकर हुआ हादसा

# तीन बार पलटी कार, एक की मौत दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



घटनास्थल पर पलटी कार व इनसेट में मृतक।

देर रात रायपुर रोड की ओर से लौटते समय तिफरा फ्लाईओवर के ऊपर खंभे से टकराकर कार तीन बार पलट गई। हादसे एक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

गीतांजली सिटी फेस टू निवासी राहुल त्रिपाठी अपने दोस्त सीएमएचओ कार्यालय में नेत्र सहायक अधिकारी के पद पर पदस्थ जितेन्द्र गहवई के साथ रात 3 बजे स्विफ्ट कार से शहर की ओर लौट रहा था। तिफरा फ्लाईओवर के ऊपर कार अनियंत्रित होकर लोहे के खंभे से टकराकर तीन बार पलट गई। रफ्तार तेज होने से कार का टायर फट गया था। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 में दी। लोगों की मदद से दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें डायल 112 से सिम्स में भर्ती कराया गया। परिजनों ने उनकी स्थिति को देखते राहुल त्रिपाठी को सरकण्डा व जितेन्द्र गहवाई को व्यापार विहार स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। देर शाम निजी हास्पिटल के द्वारा जवाब देने पर परिजनों के द्वारा राहुल त्रिपाठी को सिम्स लाया गया। कुछ देर बाद डाक्टरों के द्वारा श्री त्रिपाठी को मृत घोषित कर शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। सिम्स चौकी से राहुल के मृत्यु होने की पुष्टि की गई है।

# 7 लोगों से रुपए डबल करने का झांसा देकर 55 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कंपनी में पैसा लगाने पर डबल करने का झांसा देकर 7 लोगों से 55 लाख 74 हजार की ठगी कर ली गई है, मामले में अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, आसमां कालोनी निवासी ज्योति वाधवा पति सत्यदास वाधवा ने मैग्नेटो मॉल थर्ड फ्लोर स्थित इंडिपेंडेंट बिजनेस ओनर के कार्यालय में संपर्क किया। कंपनी के डायरेक्टर प्रांजल पाटले ने स्वयं को डायरेक्टर, डाली पटेल उर्फ दुर्गा पटेल, अनुराग खुटे को पार्टनर के रूप में काम करना बताया गया। उन्हें कंपनी में रुपए निवेश करने पर 40 से 50 प्रतिशत मुनाफा देने व मूलधन राशि को कंपनी से कभी भी निकाल लेने और कंपनी में सबसे पहले 5 लोगों को जोड़ने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा दिया गया। लालच में आकर ज्योति ने उक्त कंपनी में 17 लाख 57 हजार रुपए निवेश किया। उनके साथ ही राजेन्द्र वर्मा ने 10 लाख 50 हजार, सेमवल कुंजलिया ने 21 लाख 23 हजार, विनय कुमार नेलसन ने 4 लाख 69 हजार, रामचरण जगत ने 1 लाख 42 हजार, हिमांशु राठौर ने 3 लाख 50 हजार, डोमन पाटले ने 8 लाख 50 हजार रुपए निवेश किया। पहले उन्हें मुनाफा दिया गया। उसके बाद मुनाफा देने में गोलमोल करने लगे। पीड़ितों ने अपनी 55 लाख रुपए वापस मांगा तो वह घुमाने लगा। पीड़ितों ने एसपी ने घटना की लिखित शिकायत की। एसपी के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने ज्योति वाधवा की रिपोर्ट पर प्रांजल पाटले, डाली उर्फ दुर्गा पटेल, अनुराग खुंटे के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# आज से 10 दिन तक 30 ट्रेनें रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम

सोमवार से आने वाले 10 दिनों तक ट्रेन से यात्रा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम होने के कारण रेलवे ने 8 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक 30 ट्रेनें को रद्द करने की घोषणा की है।

मंडल अधिकारियों के मुताबिक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ये ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। रद्द ट्रेनों में जबलपुर से होकर चलने वाली प्रमुख ट्रेन इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस भी शामिल है। रेल लाइन में प्री-एनआई और एनआई के कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए रेलवे ने कैंसल होने वाली ट्रेनों की लिस्ट जारी की है। 8 जनवरी से 14 जनवरी तक बरौनी से रवाना होने वाली बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट के रास्ते चलेगी।

इसी तरह 9 से 15 जनवरी तक गोंदिया से रवाना होने वाली गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलेगी। 10 से 16 जनवरी तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली अम्बिकापुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी और अनुपपुर-शहडोल के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 10 जनवरी से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली शहडोल-अम्बिकापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर से प्रारम्भ होगी और शहडोल-अनूपपुर के मध्य रद्द रहेगी।





### हेल्प डेस्क में पूछताछ के लिए

एक ओर रेलवे ने तीसरी लाइन कनेक्टिविटी काम के चलते ट्रेने रद्द कर दी है तो दूसरी ओर कोहरे के कारण ट्रेनों के लेट लतीफी का सिलसिला जारी है। ऐसे में रेलवे ने अब स्टेशन में हेल्प डेस्क भी बनाया है जहां इन दिनों भारी संख्या में यात्री ट्रेनों की जानकारी लेने पूछताछ कर रहे हैं।





जबलपुर एटीएस ने नहीं दी थी परमिशन, इसलिए रद्द हुई फ्लाइट

# दिल्ली से नहीं उड़ी अलायंस एयर की फ्लाइट

- बिलासपुर के 18 यात्री थे सवार

**बिलासपुर।** दिल्ली से बिलासपुर तक हवाई सेवा लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही, बिलासपुर पहुंचने वाली फ्लाइट कैंसिल कर दी गई, वहीं यह फ्लाइट जबलपुर भी नहीं पहुंच सकी। ऐसे में यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है वहीं कई यात्रियों को ट्रेन के सहारे बिलासपुर आने को मजबूर होना पड़ा है।

बिलासा एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू हुए 3 साल का समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद महानगरों तक हवाई सेवा आधी अधूरी है। सरकारी एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर को दिन में एक फ्लाइट चलाने का ठेका दिया गया है, लेकिन इसमें भी कंपनी फिसड्डी साबित हो रही है, सुविधाओं के अभाव, खटारा फ्लाइट और मनमानी करते कर्मचारियों के भरोसे हवाई सेवा को लगातार गर्त पर ले जाया जा रहा है, जिसके चलते यात्रियों का हवाई सुविधा से मोह भंग हो रहा है। शनिवार के बाद रविवार को जबलपुर से आने व जाने वाली फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट पर नहीं पहुंच सकी, बताया जा रहा है कि दिल्ली से सुबह 7 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट रद्द कर दी गई, जिससे दोनों जगहों पर फ्लाइट नहीं आ सकी। जबलपुर व दिल्ली एटीएस से परमिशन नहीं मिलने के कारण फ्लाइट रद्द किया गया है। यात्रियों को नुकसान उठाना पड़ा, बताया जा रहा है कि 18 से अधिक यात्री बिलासपुर पहुंचने वाले थे, लेकिन इन यात्रियों को अपने साधन बिलासपुर पहुंचना होगा। कुछ यात्रियों ने तत्काल की टिकट लेकर बिलासपुर के लिए ट्रेन से सफर करना स्वीकार किया है।

### समिति ने जाहिर किया अफसोस

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने नाइट लैडिंग की सुविधा नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की।समिति ने कहा कि सितंबर माह में इसका काम पूरा होना था, लेकिन पीडब्ल्यूडी में ईई की कुर्सी का विवाद थम नहीं रहा है और ठेकेदारों का भुगतान अटकने के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही एयरपोर्ट में बाउंड्रीवाल में नहीं बनने के कारण डीजीसीए में लाइसेंस नहीं किया जा सका है। समिति ने कहा कि 31 अक्टूबर से दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू की गई है, लेकिन आए दिन फ्लाइट रद्द करना समझ के परे है। वहीं समिति के सदस्यों ने एयरलाइंस कंपनी द्वारा एयर रूट की स्वीकृति नहीं देने पर भी अफसोस जाहिर किया है।



### जबलपुर भी नहीं पहुंची फ्लाइट

जबलपुर में भी कोहरे का असर है, जिसके कारण परमिशन नहीं दी गई है, इसलिए फ्लाइट वहां नहीं पहुंची है। जब वहां नहीं पहुंची तो यहां आने का सवाल नहीं उठता है। फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है।

**- एनबी सिंह,** डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट


यशस्वी उपमुख्यमंत्री
मान. अरूण साव जी के
प्रथम जरहागांव आगमन पर
नंदन वंदन अभिनंदन...
एवं राज्य स्तरीय कबड्डी के
समापन अवसर पर
शत्-शत् अभिनंदन ...
श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू
जिला पंचायत सदस्य
मुंगेली
उमाशंकर साहू
पूर्व सभापति जिला पंचायत बिलासपुर
सरपंच कोसमा
नितेश भारद्वाज
महामंत्री भाजपा
मुंगेली
मनोज साहू
पूर्व जनपद सदस्य
तमन्नाओ की दुनिया तो हर इंसान सजाता है,
पर पाता वही है जो तकदीर लेकर आता है...
सरपंच
सरपंच
संकलनकर्ता : पी भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि जरहागॉव (मुंगेली)
मो. 7389105897
समस्त भाजपा कार्यकर्ता जिला पंचायत क्षेत्र जरहागांव जिला मुंगेली

## खबर संक्षेप

### जागृति महिला मंडल ने मनाया नववर्ष, लिया गेम का आनंद



**बिलासपुर।** जागृति महिला मंडल कपिल नगर सरकंडा द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान किटी पार्टी रख कई तरह के गेम का आनंद लिया गया। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। साथ ही एक संदेश दिया गया कि नए वर्ष में चार दिन की जिंदगी में सिर्फ जिम्मेदारी न उठाएं बल्कि सारे गम भूलकर सभी मुस्कुराते रहें। समिति की सभी सदस्यों ने नए साल की खुशी में जमकर मस्ती भी की। काफी समय तक हंसी-ठिठोली व बधाई, शुभकामनाएं देने का क्रम चलता रहा।

### एसबीआई ने बुजुर्गों व गरीबों को कंबल का किया वितरण



**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ने 6 जनवरी को बुजुर्गों और गरीब जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम जोंकी व राजीव प्लाजा मंदिर के पास के जरूरतमंद और बुजुर्गों को रीजनल मैनेजर अविनाश पाणिग्रही के नेतृत्व में आरओबी की टीम के श्री पात्रा, विशाल, विमल कुमार व योगेश तिवारी ने कंबल बांटा । इस दौरान ग्राम जोंकि के राकेश तिवारी, अशोक, रमेश ने बुजुर्गों को, स्कूल प्रांगण में गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरण में सहयोग दिया। इस अवसर पर श्री पाणिग्रही ने कहा कि स्टेट बैंक हमेशा से सामाजिक सेवा करता आया है। हमेशा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मदद के लिए अग्रसर है। इस सहयोग के लिए बुजुर्गों व जरूरतमंदों ने अपनी आत्मीयता व्यक्त की।

### युवा ही देश का भविष्य, उनसे ही राष्ट्र का विकास संभवः धर्मजीत




**सकरी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा उद्देश्य को लेकर पेंडारी स्थित वन चेतना केंद्र में 7 दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। शिविर के 5वें दिन छात्र-छात्राओं के आग्रह पर बौद्धिक कार्यक्रम में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह पहुंचे। शिविर स्थल में पहुंचकर उन्होंने छात्र-छात्राओं के स्वागत को स्वीकार किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री सिंह ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य हैं। उनके द्वारा ही राष्ट्र का विकास संभव है। नवीन शासकीय महाविद्यालय के संबंध में जानकारी मुझे है। तीन वर्ष हो गए हैं। भूमि, भवन खुद का नहीं है। मुझे अभी तखतपुर विधानसभा क्षेत्र का विधायक बने 20 दिन ही हुए हैं। मुझे जब भी विधिवत बुलाया जाएगा मैं आप लोगों के पास आऊंगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार पांडेय, डॉ फूल दास महंत, कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र देवांगन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी बरखा हलवाई तथा छात्र-छात्राओं ने विधायक का आभार माना। बौद्धिक कार्यक्रम को सेवानिवृत प्रबंधक एनटीपीसी सीपत जसविंदर सिंह ने अभिप्रेरणा विषय पर छात्र छात्राओं को जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और उद्देश्य के लिए अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शालू भार्गव तथा आभार अंजली बंजारे ने किया।

## निधन

### मधुसूदन विठालकर



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी मधुसूदन विठालकर का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अभय विठालकर के पिता थे।

### राहुल त्रिपाठी



**बिलासपुर।** गीतांजली सिटी फेस टू निवासी राहुल त्रिपाठी का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जनवरी को दोपहर बाद सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोज त्रिपाठी के पुत्र व रोहन त्रिपाठी के भाई थे।

### विष्णु प्रसाद गुप्ता



**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी विष्णु प्रसाद गुप्ता का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी को सुबह 10 बजे मस्तूरी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मिथिलेश, बलराम और अश्वनी गुप्ता के पिता व ननकी गुप्ता के बड़े भाई थे।

### बीके मजूमदार



**बिलासपुर।** अमेरी सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास रहने वाले बीके मजूमदार 'अवकाश प्राप्त सहायक अभियंता' का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी सोमवार को सुबह 10.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# अनुरागी धाम कराएगा श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन

» अयोध्या यात्रा के लिए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

» 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का हुआ समापन

» हजारों अनुयायियों ने की पूजा, सुबह से रात तक चलता रहा विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले नौ दिनों से अनुरागी धाम मोतीमपुर में चल रहे अखंड नवधा रामायण समारोह का रविवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी संत शिरोमणि सच्चिदानंद सद्गुरु स्वामी अनुरागी के स्नेह आंचल में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 29 दिसंबर से किया जा रहा था। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु इस रामायण पाठ का श्रवण कर रहे थे। 7 जनवरी रविवार को हवन, शहस्त्र धारा, कन्या भोज के साथ ही विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, मुंगेली जांजगीर, पेंड्रा, मुंबई, पुणे, गुजरात, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, मध्य प्रदेश के अलावा भारत के बाहर ऑस्ट्रेलिया और मोतीमपुर सहित आसपास के करीब 40 गांव के श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। 7 जनवरी की सुबह 10:30 बजे आरती 12:00 बजे सहस्त्र धारा, कन्या भोज के बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें इस बार भी लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में देशभर से साधु संत आकर इसमें शामिल हुए, जिसमें वृंदावन से पुरुषोत्तम महाराज, चित्रकूट धाम से राधेश्याम महाराज, रतनपुर राम टेकरी से श्री शुक्ला महाराज, मसूरी उत्तराखंड के लवदास महाराज के अलावा अन्य स्थलों के भी साधु संत यहां अपना आशीष देने मौजूद थे।





### पूर्व सीएम व बिल्हा विधायक ने की पूजा

समापन समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे। श्री बघेल ने अनुरागी धाम में पूजा की और श्रद्धालु जनों से मेल मुलाकात कर वापस रायपुर लौट गए। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने देशभर से जुड़े श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्थल आस्था का बड़ा स्थल बन चुका है। यहां पूरे 9 दिनों तक अखंड नवधा रामायण किया जाता है। धीरे-धीरे यह पर्यटन स्थल का भी रूप लेता जा रहा है। अनुरागी धाम सेवा समिति के कठिन परिश्रम से ही इस स्थल को यह ऊंचाई प्राप्त हुई है।

### 14 जनवरी को रवाना होंगे भक्त

अनुरागी धाम में इस बार सबसे विशेष बात ये रही कि इस पवित्र धाम से समिति के द्वारा अपने खर्चे पर पहली बार राम की नगरी अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए स्थानीय ग्रामीण श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया गया। हालांकि वाहनों में सवार सभी श्रद्धालु 14 जनवरी को अपने घरों से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के तमाम पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा बाबा अनुरागी जी के अनन्य भक्त जुटे रहे।

## राम सेवकों ने शुभम विहार में किया पूजित अक्षत का वितरण



अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठित किए जाएंगे। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। प्रत्येक धर्मनिष्ठ, जाग्रत व्यक्तियों तक श्रीराम का आमंत्रण व अयोध्या से आए अक्षत को पहुंचाने रविवार को शुभमविहार रामायण मंडली के सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, भूपेंद्र यादव, आर के पांडेय, आर पी मिश्रा, सुनील तिवारी, आखलिनन्द पांडेय, उमेश पांडेय, ललित अग्रवाल, श्रीमती कौशल्या साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती स्वेता पाण्डेय, श्रीमती रिंकी बरसैया सहित अनेकों रामसेवकों ने गिलहरी प्रयास कर शुभमविहार के घर घर पहुँच कर आदर व सम्मान से आमंत्रित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से निवेदन किया वे सभी 22 जनवरी को घर के द्वार को सजाएं, रंगोली बनाएं, दीपों की माला लगाएं, राम दीपक जलाएं। इसके साथ साथ घर में मिठाइयां बनाएं, नये कपड़े पहनकर मंदिर जाएं और झंडे लगाएं।

### शोभायात्रा का किया आत्मीय स्वागत

इस अवसर पर रामसेवकों ने कहा कि हमारे जीवन में दो बार दिवाली मनाने का योग 550 वर्षों के सतत संघर्ष के बाद आया है। अतः स्वयं भी ऐसा करें और अपने मित्र, परिचित, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को भी जाग्रत करें। इस दौरान झंडे, ढोल, झांझर, शंख, मृदंग के साथ रामसेवकों की शोभायात्रा का आत्मीयता से स्वागत किया गया।

## पंज प्यारों ने अलौकिक कीर्तन दरबार में 39 अभिलाषियों को छकाया अमृत

**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर छत्तीसगढ़ के विशाल प्रांगण में आधुनिक साज सज्जा के साथ बने भव्य डोम में आयोजित विशाल अलौकिक कीर्तन दरबार एवं अमृत संचार कार्यक्रम के लिए अमृतसर दरबार साहिब से विशेष रुप से आए पंज प्यारे साहिबान ने रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर छत्तीसगढ़ में तैयार की खंडे बाटे की पौहल और बिलासपुर व छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से आए 39 अमृत अभिलाषियों को अमृत पान कराकर गुरु वाले बनाया। कीर्तन समागम के तीसरे दिन अमेरिका से विशेष रुप से आए कीर्तनी भाई अनंत बीर सिंह और उनके साथियों व अमेरिका से ही विशेष रुप से लगभग 20 साल बाद भारत आए कीर्तनी जत्था निरमल सिंह नागपुरी के कीर्तन से समूह साध संगत मंत्र मुग्ध होकर निहाल हुई। वहीं लुधियाना से लगभग 15 वर्ष बाद बिलासपुर पधारे पंथ के महान जत्था भाई जोगेन्दर सिंह रियाड व फतेहगढ़ साहिब से आए भाई जसप्रीत सिंह के निरमल कीर्तन से पूरा पंडाल, समूह साध संगत ने मिलकर कीर्तन गायन किया। हुजुरी रागी जत्था दयालबंद बलबीर सिंह उना वाले के कीर्तन व ज्ञानी मान सिंह हेड ग्रंथी दयालबंद ने भी कीर्तन और कथा से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीसी पंजाबी चैनल में अवार्ड प्राप्त एंकर वरियाम सिंह जो सिक्ख इतिहास के अच्छे जानकार व कथा वाचक ने किया।



### विधायक अमर अग्रवाल सपत्नीक पहुंचे समागम में

नगर विधायक अमर अग्रवाल सपत्नीक कीर्तन दरबार समागम स्थल पहुंच कर माथा टेका। उन्होंने बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के विकास और सुख शांति के लिए अरदास की। पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर और पूरी टीम को इस शानदार आयोजन की बधाई दी। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल का गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद के पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह गंभीर ने शाल देकर सम्मानित किया । उनकी पत्नी को इंदरजीत कौर गंभीर ने शाल देकर सम्मानित किया। भाजपा के रौशन सिंह, शैलेन्द्र यादव भी माथा टेकने पहुंचे। पंजाबी युवा समिति ने समाज सभी सहयोगियों का शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।

### पूरे प्रदेश से संगत पहुंचे

विशाल आलौकिक कीर्तन समागम एवं अमृत संचार कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहर रायपुर, रायगढ़, जयराम नगर, चांपा, पाली, कोरबा, अम्बिकापुर, विश्रामपुर, शहडोल, पेंड्रा रोड, तखतपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, नवागढ़, पंडरिया, खाम्ही, लोरमी, कुण्डा, बेमेतरा, सिमगा, बलौदा बाजार, भाटापारा, सरायपाली बसना, सारंगढ़ से संगत कीर्तन दरबार का आनंद मानने पहुंचे ।

### टीम को दी बधाई

शानदार और भव्य आलौकिक कीर्तन समागम के लिए बाहर से आए सभी जत्थे के साथ पूरे प्रदेश की साघ संगत ने पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर, सचिव हरदीप सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह सलूजा और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई दी और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम कराते रहने की बात कही।

## भागवत कथा के श्रवण से भक्ति व ज्ञान मार्ग से परमतत्व मिलता है: शास्त्री

**बिलासपुर ।** टिकरापारा स्थित गुजराती समाज भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । रविवार को व्यास पीठ से शास्त्री चिंतनभाई पंड्या ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष वामन अवतार-श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्म पर अपने ओजस्वी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भागवत जीवन को अच्छा बनाती है। भागवत कथा के श्रवण से भक्ति और ज्ञान मार्ग से परमतत्व की प्राप्ति होती है।

भागवत कथा के दौरान श्री शास्त्री ने राम अवतार की कथा के संबंध में बारे में बताया कि त्रेतायुग में भगवान धरती पर श्रीराम के रूप में अवतरित हुए और संसार को रावण के त्रास में मुक्त किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को चाहिए कि वे भगवान राम के जीवन से आदर्शों की सीख लें और उनका अनुसरण करें। भागवत कथा के दौरान शास्त्री पंड्या ने कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। उनकी वाणी से श्रोतागण झूम उठे।उन्होंने भगवान कृष्ण के स्वयं धरती पर अवतरित होने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने प्रारंभ में वामन कथा के बाद रामजन्म का शब्द-चित्र खींचा। उन्होंने कान्हा के जन्म की कथा का भी श्रवण कराया। जन्म के इस पावन अवसर पर पूरे पंडाल को फूल-पत्तियों से सजाया गया था । पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया था। चहुंओर बधाइयों के स्वर गूंजने लगे। नंद के आनंद भयो, जै कन्हैया लाल की । मंच पर भगवान कृष्ण को झूले में सजाकर रखा गया था । भगवान के जन्म की झांकी भी निकाली गई । भगवान की आरती की गई । पुष्पों की वर्षा तथा माखन-मिश्री का भोग लगाया गया। वामन अवतार, श्रीराम अवतार और श्रीकृष्ण अवतार को जीवंत झांकी के रूप में दिखाया गया।




### आज गोवर्धन उत्सव पर प्रवचन

श्री भागवत कथा महापुराण समिति के सचिव बकुल भाई पटेल ने बताया भागवत कथा आगामी 11 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि सोमवार, 8 जनवरी को गोवर्धन उत्सव –अन्नकूट दर्शन प्रसंग पर प्रवचन होगा । इसके बाद अगले दिन मंगलवार को कृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग कथावाचक पंड्या पूरे भक्ति भाव से प्रस्तुत करेंगे। बुधवार, 10 जनवरी को कथा विश्राम और पूर्णाहूति होगी। अगले दिन 11 जनवरी को हवन और महाप्रसाद के साथ भागवत कथा का उद्यापन होगा। पूजा-पाठ जलाराम मंदिर के पुजारी पंडित प्रेमचंद शुक्ल व पंडित सचिन महाराज के मार्गदर्शन में होगा।रविवार की भागवत कथा के अवसर पर समिति के अध्यक्ष हसमुख भाई सचदेव सहित भागवत ज्ञान यज्ञ में चेयरमैन हरगोविंदभाई जोबनपुत्रा, उपाध्यक्ष सरलाबेन दामाणी, सचिव बकुलभाई पटेल और सह-सचिव राजेंद्रभाई चावड़ा तथा उत्सव यजमान रेणुकाबेन, शशि भाई सचदेव, कमल किशोरभाई जानी परिवार, सचदेव परिवार, शशिकांतभाई सोनछात्रा परिवार, ललितभाई पुजारा तथा श्री जलाराम भक्तिवृन्द परिवार के सदस्य प्रमुख रूप से शामिल थे । भागवत कथा के दौरान बिलासपुर के विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल भी सपत्नीक मौजूद थे।

## कर्मचारी शासन के रीढ़ की हड्डीः धर्मजीत

**बिलासपुर।** कर्मचारी सम्मेलन एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तखतपुर के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह 7 जनवरी रविवार को वन चेतना केन्द्र, सकरी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर रहे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चन्द्रा ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह ने संघ को उनके सम्मान किए जाने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि कर्मचारी विषम परिस्थितियों में भी अपने कार्यों को पूरा करते हैं। कर्मचारी शासन के रीढ़ की हड्डी होती है। उन्होंने कर्मचारी हितों से संबंधित मांगों को शासन से पूर्ण कराने अपने सहयोग देने का आश्वासन दिया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष जीआर चन्द्रा ने चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता को शासन से शीघ्र प्रदान कराने की मांग रखी। विशिष्ट अतिथि अवधेश शुक्ला, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, विन्दु भास्कर, चन्द्रशेखर यादव, आंनद तिवारी आदि के द्वारा संघ एवं कर्मचारी हितों से संबंधित अपने मुद्दो पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए उन्हें दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी गई। तहसील शाखा अध्यक्ष हिमांचल साहू को 500 कर्मचारियों के संघ की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराने पर जिला शाखा द्वारा विशिष्ट सम्मान मुख्य अतिथि के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष जी आर चन्द्रा, अवधेश शुक्ला, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, बिन्दु भास्कर, हिमांचल साहू, चन्द्रशेखर यादव, आंनद तिवारी, क्रांति शर्मा, संजय कुमार, सोनी, ओमप्रकाश देवांगन, रामकुमार भोई, विनोद पाण्डे, डॉ योगेश तिवारी, विजय पाण्डेय, अरविन्द गुप्ता, नरेन्द्र शुक्ला, जगतराम भारद्वाज, जीतेन्द्र ठाकुर, जलेश्वर साहू, शिव ध्रुव, अनिल शर्मा, लक्ष्मीनारायण पांडे, शशिकांत सोनी, रमेश कौशिक, कामता प्रसाद यादव, रमेश पांडे, रोहित भांगे, एन.के. बघेल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, तिरिथ राम भोई, मतिना बंजारे, शकुन्तला क्षत्री, कोशिल्या साहू, नंदनी साहू, प्रतिभा ठाकुर, शत्रुपा कश्यप, अल्का तिवारी, तारामती कुरें, मधु शर्मा, इन्द्रा कश्यप, सुनिता ध्रुव, माधुरी साहू, शकुन्तला देवी, मिना नाथालियन आदि उपस्थित थे।




## बीएनआई व्यापार-उद्योग मेले में मिलेगा मनोरंजन और विविध स्पर्धाओं का आनंद

**बिलासपुर।** बीएनआई व्यापार व उद्योग मेला 10 से 16 जनवरी तक साइंस कालेज मैदान में आयोजित किया जा रहा है। ये मेला सभी वर्गों के मुख्य आकर्षणों को ध्यान मे रखकर लगाया जा रहा है, जिसमें स्कूल के बच्चों के लिए 10 प्रकार के इंटरनेशनल झूले आ रहे हैं। जो बिलासपुर में पहली बार लगाये जा रहे हैं। उसमें प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 3 बजे तक स्कूली बच्चों के लिए 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। इसी तरह गृहणियों के लिए मेले में अनेक प्रकार की वस्तुएं जैसे हैण्डीक्राफ्ट, गलीचे, शाल और घरेलु उपयोग के सामान देखने को मिलेंगे। बिजनेसमैन अपने व्यापार-व्यवसाय से संबंधित स्टाल भी लगा सकते हैं। अभी तक लगभग 300 से अधिक स्टाल लगाए जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें बैंक-फायनेंस, कम्प्यूटर व मोबाइल, बिल्डर व बैंक का अलग जोन है। आटोमोबाइल में कार की चार बड़ी कंपनियां भी आ रही है। टू व थ्री व्हीलर के भी स्टाल्स लगाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य में, अपोलो हास्पिटल व अन्य बड़े हास्पिटल भी शामिल हो रहे हैं। ब्लड डोनेशन, फ्री

BNI बिलासपुर 2024
व्यापार एवं उद्योग मेला

डेंटल व हेल्थ चेकअप की सुविधाएं पूरे दिन उपलब्ध रहेगी। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खास रूप से वायस ऑफ बिलासपुर, छत्तीसगढ़ नृत्य एवं प्रतियोगिताएं रखी गई है। स्कूल व कालेज के स्तर पर डांस काम्पीटीशन, साइंस एक्जीबिशन, कम्पीटीशन भी होंगे। फैशन शो व कवि सम्मेलन भी आयोजित होंगे। 12 जनवरी को युवा दिवस मनाया जाएगा । जहाँ मेले के सातों दिन बिलासपुर के चुने हुए 200 युवाओं को शहर के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। इनके अलावा बिलासपुर क्षेत्र के विधायक के साथ मुंबई से आ रही कुछ सेलीब्रिटीज भी शामिल होंगे। बिलासपुर के अनाम गायकों को जो अब प्रोफेशनल हो चुके हैं लेकिन गायकी उनका शौक है, उन्हें भी एक दिन मंच दिया जाएगा। मेले का समापन आर्ट आफ लिविंग के भजन सत्संग कार्यक्रम से होगा। मेले के प्रमुख संयोजक एसईसीएल, सहसंयोजक होटल टोपाज, हाऊसिंग कार्ड डांट काम, डीसीपी बिल्डर, डा.सीवी रमन यूनिवर्सिटी, एडवर्टाइजिंग पार्टनर विजय एड, मीडिया पार्टनर एड, स्क्रीन पार्टनर शिवम एड, रेडियो पार्टनर माय एफएम, फूड पार्टनर रौनक केटरिंग, फायर सेफ्टी सुधा फायर सेफ्टी शामिल हैं।

## मलखंभ के महिला-पुरूष खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा

**बिलासपुर।** भारत का पहला मल्टी स्पोर्टस बीच गेम्स 2024 दीव में 5 और 6 जनवरी को आयोजित हुई । इस राष्ट्रीय स्तर के दीव बीच गेम्स में भारत के करीब 20 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश के महिला - पुरूष खिलाड़ी ने भाग लिया । इसमें छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पुरूष खिलाड़ियों 117 अंक तथा महिला खिलाड़ियों ने 79 अंक प्राप्त कर टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक पर कब्जा कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर दिया है। इस प्रथम बीच गेम्स में प्रथम विजेता होने का गौरव छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों के नाम रिकार्ड दर्ज हो गया है। छत्तीसगढ़ की विजेता टीम 8 जनवरी को रात 8.15 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। महिला खिलाड़ियों में मोनिका पोटाई, सरिता पोयम, अनिता गोटा, दुर्गेश्वरी कुमेटी, शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह शामिल रहीं। इसी प्रकार पुरूष खिलाड़ी में राजेश सलाम, मोनू नेताम, राकेश कुमार वरदा, श्याम लाल सोरी, बिलासपुर के अतीफ रजा खान, अखिलेश कुमार शामिल रहे। इसमें कोच -संतोष शोरी, तकनीकी अधिकारी प्रेमचंद शुक्ला, पुष्कर दिनकर, प्रतियोगिता निदेशक डा.राजकुमार शर्मा शामिल रहे।



### हमारे आतिफ ने किया शानदार प्रदर्शन

कोनी गणेश इंक्लेव में रहने वाले कृष्णा पब्लिक स्कूल के छात्र आतिफ राजा खान ने दीव बीच गेम्स मलखंभ 2024 में गोल्ड मेडल जीत कर पूरे प्रदेश को गौरवांवित किया।

### राष्ट्रीय स्कूल गेम्स आज से

विदित हो कि 8 से 12 जनवरी तक उज्जैन, मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्कूल गेम्स आयोजित है, जिसमें छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों के पदक जीतने की प्रबल संम्भावना है। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी इसमें शामिल होने रवाना हो चुके हैं। इसके बाद 21 से 24 जनवरी तक तमिलनाडु के त्रिचनापल्ली में खेलो इंडिया 2024 का आयोजन होने जा रहा है। इसमें भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की पूरी उम्मीद है तथा मेडल जीतने की आशा है। छत्तीसगढ़ मलखंभ खिलाड़ियों के विजेता होने पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, संरक्षक एवं भूपू बीडीए अध्यक्ष अनिल टाह, छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला, छ.ग.मलखंभ संघ के महासचिव डा. राजकुमार शर्मा, विरेंद्र तिवारी, छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के उपाध्यक्ष बिसन कसेर, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, मनोज प्रसाद, पुष्कर दिनकर, प्रभात कुमार, डा. कृष्ण मूर्ति तिवारी, किशोर दास वैष्णव, दिलीप तिवारी, कमल किशोर निकुंज, सौरभ पाल,देवराज तिवारी, राजेंद्र पटेल, डा.प्रमोद यादव, कृष्णा यादव, मृणाल मूले, मिलींद भानदेव, विशाल दुबे एवं छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के समस्त पदाधिकारियों ने उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला ने दी।

## होली नर्सरी स्कूल का वार्षिक उत्सव, बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर स्थित होली नर्सरी स्कूल में 6 जनवरी को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रीमती संध्या तिवारी व महिला कांग्रेस बिलासपुर अध्यक्ष श्रीमती पिंकी बत्तरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर आरएन सिंह एवं प्राचार्या श्रीमती वीना बैस ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने अकादमिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान कर पुरस्कृत किया। नन्हें मुन्ने बच्चों से लेकर बडे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक लोक नृत्यों की प्रमुखता रही। जिसका बच्चों सहित अभिभावकों ने जमकर लुफ्त उठाया। खासकर नाटक "अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो" के माध्यम से सारे समाज को नारी स्वतंत्रता एवं लड़कियों की सुरक्षा पर सवाल एवं नारी को अबला बेचारी असहाय समझने वाले इस समाज पर गहरा कटाछ किया। मुख्य अतिथि ने शाला की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि इस शाला में बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहे हैं और इस शाला का नाम शहर के नामी स्कूलों में लिया जाता है। इसके लिए मैं इस शाला को बधाई देता हूँ । शाला की प्राचार्या श्रीमती वीना बैस ने कहा इस शाला में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। स्मार्ट बोर्ड, सभी कमरों में सीसी कैमरा लगे हैं एवं बच्चों के लिए सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध है।



### एजुकेशन प्लस

## खबर संक्षेप

### आटा चक्की के पट्टे में फंसकर बालक की मौत

**बिलासपुर।** आटा चक्की के पट्टे में फंसकर बालक की मौत के मामले में संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 27 दिसंबर को मोपका निवासी शिवराज साहू पिता शत्रुहन साहू 4 साल की आटा चक्की के पट्टे में फंसकर मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद चक्की संचालक मोपका निवासी रमेश साहू के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हीराकुंड एक्सप्रेस से घरेलू गैस सिलैंडर जब्त

**बिलासपुर।** ट्रेनों में आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टिव विग इन दिनों ज्वलनशील पदार्थों को ट्रेन के जरिए ले जाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में टीम के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान हीराकुण्ड एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 4 पर आई। चेकिंग के दौरान उक्त गाड़ी से उतरे ग्राम अमोरा जिला मुंगेली निवासी नीलकंठ मनहर के पास से एक लाल रंग का पुराना घरेलू गैस सिलैण्डर, सिंगल बर्नर चूल्हा सेट मिला। टीम ने उसे बिलासपुर पोस्ट को सौंपा जहां उसके विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 153, 164 के तहत कार्यवाही की गई।

### स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेनों में गांजा सहित मादक पदार्थों की तस्करी का मामला लगातार सामने आ रहा है। ऐसे में अब रेलवे पुलिस अभियान चलाकर जांच कर रही है। शनिवार की शाम स्टेशन चेकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में दिखा जो रेलवे पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पकड़कर पूछताछ करने पर बताया कि वह खारमोरा कोरबा निवासी दीपक देवागन 26 वर्ष है। स्टेशन आने व भागने का कारण कड़ाई से पुछताछ करने पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर से एक यात्री का मोबाईल चोरी करना बताया। जिसे जब्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### तलवार लेकर मारने दौड़ाया, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गाली गलौज कर व्यक्ति को तलवार लेकर मारने



के लिए दौड़ाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 7 जनवरी को सुबह 9.30 बजे शुभम विहार ओमजोन निवासी अखियानिया पिता स्व. रसिकलाल 49 साल के घर के सामने उनके नाम लेकर युवक हाथ में तलवार रखकर गाली गलौज कर रहा था। वे घर से बाहर निकले तो युवक तलवार लेकर उन्हें मारने के दौड़ाया। उन्होंने घटना की जानकारी घर मालिक व पड़ोसियों को दी। उसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर लालखदान निवासी अनुराग वर्मा पिता संजू वर्मा 20 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 294, 506, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# आंख व अंगूठा तय करेंगे सब्सिडी, कनेक्शनधारियों को देना पड़ेगा बायोमेट्रिक प्रूफ


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैस उपभोक्ताओं की आंख और अंगूठा तय करेंगे की की एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी मिलेगी की नहीं। दरअसल डीबीटी से जुड़े सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। इसको लेकर खाद्य विभाग ने निर्देश जारी किया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामान्य गैस उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। इसके जिस गैस एजेन्सी पर कनेक्शन है वहां आधार कार्ड व पहचान से संबंधित अन्य दस्तावेज लेकर जाना होगा। आंखों और अंगूठे को स्कैन कर सत्यापन किया जाएगा। जिले की बात करें तो 5 लाख 35 हजार राशन कार्डों में से दो लाख के करीब राशन कार्डों का सत्यापन किया जा सका है। हालांकि सरकार ने अब भारी भीड़ को देखते हुए 31 मार्च तक की तिथि बढ़ा दी है। दूसरी ओर खाद्य विभाग और आयल कंपनियों की ओर से कहा गया है कि फिलहाल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनधारकों की ही बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जा रहा है। सामान्य उपभोक्ता आराम से कभी भी ई केवाईसी करवा सकते हैं।

■ दो लाख कार्डों का हो चुका है सत्यापन

जिला समेत प्रदेश में ईकेवाईसी के लिए एलपीजी गैस एजेन्सियों पर भीड़ उमड़ रही है। अधिक दबाव के कारण सर्वर धीमा हो गया है। इस कारण बायोमेट्रिक केवाईसी में काफी समय लग रहा है। एक गैस एजेन्सी पर दिनभर में 20-25 लोगों की केवाईसी हो पाती है। हालांकि खाद्य विभाग ने कहा है कि 31 मार्च तक केवल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों को ही ई केवाईसी करवाना जरूरी है। शेष उपभोक्ताओं के लिए कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं की है।







### सुबह से लग रही है लाइन

गैस एजेन्सियां खुलने से पहले ही लोग वहां जाकर कतारों में खड़े हो जाते हैं। दिनभर भीड़ लगी रहती है। केवाईसी के लिए केन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत केन्द्र सरकार ने एक ही जगह सर्वर बनाया है। अधिक दबाव के कारण सर्वर जवाब दे जाता है। इस कारण केवाईसी में काफी समय लगता है। एलपीजी गैस एजेन्सी संचालकों का कहना है कि उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनधारकों के अलावा सामान्य उपभोक्ता कभी भी ई केवाईसी करवा सकते हैं। उनकी ईकेवाईसी के लिए पोर्टल खुला रहेगा।

### ऐसे कर सकते है ई-केवाईसी

गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने के लिए लोगों को एजेंसियों तक जाने की जरूरत नहीं है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और इंडियन ऑइल की ओर से नया मोबाइल एप लांच किया जा रहा है, जिसमें मोबाइल से ही ई-केवाईसी की जा सकती है। अभी सबसे पहले बीपीसीएल ने हैलो बीपीसीएल के नाम से एप लांच किया है। बीपीसीएल के ग्राहक प्ले स्टोर से इस एप को लोड कर घर बैठे ही अपना ई-केवाईसी अपलोड कर सकते हैं। दूसरी कंपनियां भी इसके लिए पहल कर रही हैं।

### एक नाम से एक ही सिलेंडर

नए नियमों के तहत यह भी साफ हो गया है कि किसी भी घर में एक ही नाम से दो से ज्यादा सिलेंडर हैं तो दूसरा सिलेंडर ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाएगा। यानी एक घर में एक नाम से केवल एक ही सिलेंडर होगा। केंद्र सरकार ऐसे सभी कनेक्शन को ब्लॉक करना चाहती है जो अवैध तरीके से लिए गए हैं। सरकार के पास यह भी रिपोर्ट है कि एक नाम से लोगों ने एचपी, बीपीसीएल और इंडेन में भी गैस कनेक्शन ले लिया है। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए भी केंद्र सरकार ने यह नियम लागू किया है।

### प्रमाणीकरण आवश्यक है

सभी उपभोक्ताओं और गैस कनेक्शनधारकों को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना है। इसकी तिथि 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है। अभी तो 30 प्रतिशत तक ही ई केवाईसी हो सकी है। उपभोक्ता घर पर भी ई केवाईसी करा सकते हैं इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। डिलीवरी बॉय से ई-केवाईसी करवाने व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी ई केवाईसी की सुविधा प्रदान की जा रही है। ताकि उपभोक्ताओं का एजेंसी तक पहुंचने और लाइन में लगने का समय खराब ना हो।

**- रोहित कुजूर**
मैनेजर, आईओसीएल

**भर्राशाही : नेहरू नगर स्थित बिजली कार्यालय का हाल बेहाल**

# जर्जर बिल्डिंग में बैठ रहे बिजली अधिकारी करोड़ों का बजट फिर भी मेंटनेंस नहीं




सहायक यंत्री कार्यालय का उखड़ रहा है प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर में सहायक यंत्री व जोन कार्यालय खस्ताहाल बिल्डिंग में संचालित हो रहा है, यहां 14 से ज्याद बिजली कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत है, और रोजाना सैकड़ों उपभोक्ता कार्यालय का चक्कर लगाते है, लेकिन सभी को खस्ताहाल बिल्डिंग के नीचे रहना मुसीबत से कम नहीं लग रहा है। खास बात यह कि आधा दर्जन महिला कर्मचारियों के लिए विभाग ने प्रसाधन की व्यवस्था तक नहीं की है जिसके चलते उन्हें कई बार परेशान का अनुभव भी करना पड़ रहा है। बिजली विभाग में हर साल बिजली कार्यालयों के रखरखाव के लिए करोड़ों का बजट आबंटन किया जाता है, लेकिन आला अधिकारी इस बजट का बेजा उपयोग कर रहे हैं। जिस डिपार्टमेंट को इसका रखरखाव करना होता है उनके सर्वे रिपोर्ट में जोन की बिल्डिंग का नंबर ही नहीं आता है, वहीं जोन कार्यालय द्वारा भेजे गए प्रपोजल पर साल भर बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है, जिसके चलते जोन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी दहशत में काम करने को मजबूर है। बताया जाता है कि नेहरू नगर जोन कार्यालय यहां संचालित किया जाता है, जिसमें एई, जेई, लाइनमैन ड्यूटी देते हैं। उपभोक्ताओं के सरकारी कागजात, टेस्ट रिपोर्ट, बिजली बिल, कार्रवाई रजिस्ट्रर्ड सभी यहां रखे जाते हैं, लेकिन बिल्डिंग से सिपेज की शिकायत के चलते सरकारी कागजात खराब हो रहे है। बिल्डिंग के खस्ताहाल होने के चलते छत का लेंटर प्लास्टर छोड़ चुका है और कभी कभार कार्यालय में गिर भी रहा है, लेकिन इसे दुरूस्त करने की सुध सिविल डिपार्टमेंट नहीं ले सका है।

■ महिला प्रसाधन तक नहीं, पास के ही कार्यालय में जाने को मजबूर

### परिसर में गंदगी और कबाड़

भले ही यहां कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री का कार्यालय हैं, लेकिन बिजली के कबाड़ के साथ ही कंडम गाड़ियां भी कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। कार्यालय में बनाए गए टायलेट टूट चुके हैं, वहीं गंदगी पसरी हुई है जिसके चलते प्रसाधन के लिए कर्मचारियों को अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुसीबत महिला कर्मचारियों को झेलनी पड़ रही है।



### निरीक्षण कराया जाएगा

मेरे संज्ञान तक यह बात कभी नहीं लाई गई है। जल्द ही सभी जोन कार्यालय में निरीक्षण कराया जाएगा और सिविल डिपार्टमेंट को इसके लिए निर्देशित किया जाएगा।

**-एके धर**, सीई, विद्युत विभाग

# डीजल और पेट्रोल की कमी 15 दिनों से फॉगिंग बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में मच्छरों के आंतक से हर कोई त्रस्त है, वहीं निगम के पास डीजल और पेट्रोल की कमी हो चुकी है, जिसके चलते 15 दिनों से फॉगिंग बंद की जा चुकी है। शहर के 70 वार्ड में फॉगिंग नहीं होने की शिकायत पार्षद तक कर रहे हैं, लेकिन निगम के अधिकारी इस बारे में अनभिज्ञ हैं।

■ स्वास्थ्य विभाग भी नहीं दे रहा है ध्यान

शहर की नालियों में मच्छरों का लार्वा पनप रहा है, लेकिन निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को लोगों की इसकी फिक्र नहीं है। शाम होते ही घरों में मच्छरों का आंतक इस कदर फैल रहा है कि लोगों को जीना मुहाल हो चुका है। वहीं निगम द्वारा एंटी लार्वा कंट्रोल पिछले कई सालों से बंद है, साथ ही 15 दिनों से फॉगिंग मशीन भी जस की तस रखी हुई है। बताया जा रहा है कि निगम प्रशासन द्वारा पेट्रोल और डीजल मुहय्या नहीं कराने के कारण फॉगिंग बंद हो चुकी है, ऐसे में पार्षदों द्वारा लगातार फॉगिंग की डिमांड करने पर भी टीम नहीं पहुंच रही है और रोजाना हुज्जतबाजी की नौबत आ रही है। इस बारे में निगम के अधिकारियों की लापरवाही सामने आ चुकी है, जिसके बाद निगम के अधिकारी जवाब देने की स्थिति में नहीं है।



### 30 लोगों की टीम

बताया जा रहा है कि फॉगिंग द्वारा मच्छरों को कंट्रोल करने के लिए निगम ने 30 लोगों की टीम रखी हुई है, कई पार्षद अपने पैसे से पेट्रोल व डीजल दिलाकर फॉगिंग करा रहे है। फॉगिंग को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में नहीं है जबकि हर साल नवंबर से फरवरी के बीच में ही मलेरिया के मरीज सामने आते हैं।

### की जाती है फॉगिंग

70 वार्ड में रोजाना रोस्टर के अनुसार फॉगिंग नहीं की जाती है, हमारे पास फॉगिंग कराने के बाद फोटो भी वायरल की जाती है। शहर में फॉगिंग की जा रही है।

**-राकेश जायसवाल**
प्रभारी आयुक्त, नगर निगम

### निदान 1100 की शिकायत भी नहीं हो रही हल

राज्य सरकार ने शहरीय क्षेत्र में निगम द्वारा लोगों को सुविधा देने के लिए निदान योजना की शुरूआत की गई थी, जिस पर शिकायत करने भर से 24 घंटे के भीतर समाधान का दावा किया गया था, लेकिन इसमें में अब तक 50 से अधिक शिकायत दर्ज है। ये सभी शिकायतें मच्छरों के प्रकोप और नालियों की सफाई से संबंधित है।

## हसदेव बचाओः गिरफ्तारी का विरोध



**बिलासपुर।** बिलासपुर के नागरिकों द्वारा हसदेव क्षेत्र के जंगलों में केंद्र सरकार द्वारा कोल ब्लॉक आंबटन, राज्य सरकार की वन अनुमति और वृक्षों की कटाई का विरोध करने हसदेव क्षेत्र में ग्राम हरिहरपुर में चल रहे धरना स्थल जा रहे आंदोलनकारियों को कोन्हेर गार्डन से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी का जमकर विरोध किया जा रहा और सभी आंदोलनकारियों को तत्काल रिहा करने की मांग की जा रही है।

प्रदेश की जनता केंद्र और राज्य सरकार से मांग करती है कि प्रदेश के पर्यावरण की रक्षा करने वाले हसदेव के जंगलों में कोयला खदानों के लिए वृक्षों की कटाई के लिए तत्काल रोक लगाई जाए। शासन यह भी सुनिश्चित करे कि भविष्य में कभी हसदेव के जंगलों की कटाई न हो।

आज हसदेव क्षेत्र में धरनास्थल जाने वाले जिन आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया गया उनमें बीआर कौशिक, असीम तिवारी, संजय अग्रवाल, सौरभ गुरु तिवारी, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय आयल सिंघानी, महमूद हसन, रतीष श्रीवास्तव, शिवा मिश्रा, साकेत तिवारी, सुदीप श्रीवास्तव, आशीष कुमार मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, चंद्रप्रदीप बाजपेयी, प्रथमेशसविता इत्यादि शामिल रहे।

# विधानसभा चुनाव से भी बेहतर ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराएंः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी संतोष कुमार सिंह ने जिले के थानेदारों की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव से भी बेहतर ढंग से लोकसभा चुनाव सपन्न कराने का आदेश दिया है। इसके लिए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने कहा गया है।

■ थानेदारों की ली बैठक

एसपी ने गृहमंत्री व डीजीजी के दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा, नशे पर लगाम लगाने, विवेचना का स्तर बढ़ाने, डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करने कहा। टारगेट से नीचे 7.2 प्रतिशत लंबित प्रकरण होने पर उनके द्वारा राजपत्रित अधिकारी एवं थानेदारों को शुभकामनाएं दी। एसपी ने निजात अभियान को सजगता एवं व्यापकता से संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि इस साल भी नशे के प्रभाव से होने वाले अपराधों में अधिक कमी लाई जा सके। इसके लिए जिले में अवैध शराब, गांजा, हुक्का एवं अन्य नशे के सामानों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री सिंह ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने लोकसभा चुनाव में बूथों में सुरक्षा का अपेक्षित स्तर, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिया है। चुनाव के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने कहा गया है।



# पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा चोर, जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चोरी कर भाग रहे युवक को पेट्रोलिंग टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। उसके पास चोरी के जेवर बरामद कर लिए गए हैं।

कोनी टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, कछार निवासी पतिया बंजारे पति स्व. बोधीराम बंजारे 5 जनवरी की रात भोजन करने के बाद सो गई थी। देर रात उनके बेटे जगन्नाथ बंजारे के घर जेवर, बैंक पासबुक चोरी कर एक युवक भाग रहा था। पेट्रोलिंग पर निकले एएसआई अशोक चौरसिया, अरविंद सिंह, नवल तिवारी, शैलेन्द्र साहू व अन्य ने देर रात आदतन चोर को घूमते देख गाड़ी लेकर गए तो युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर लोधीपारा निवासी छोटू यादव पिता स्व. मनहरण यादव 29 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास जेवर व बैंक पासबुक मिली। कड़ाई बरतने पर छोटू यादव ने श्री बंजारे के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। बताया जाता है उक्त युवक पूर्व में सरकण्डा में 12 प्रकरण व चकरभाठा के 2 चोरी के प्रकरण में पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने जेवर जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### प्लेटफार्म 6 के पास मिली लावारिस लाश

**बिलासपुर।** स्टेशन के प्लेटफॉर्म 6 के पास रविवार सुबह एक अधेड़ की मौत हो गई। जब इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को लगी तो उन्होंने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को रवाना कर दिया। अधेड़ के वारिसान का अब तक पता नही चला है, उसके पास से मिले सामान के आधार पर जीआरपी उसके परिजनों की तलाश कर रही है। जीआरपी ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**मुख्यमंत्री साय के साथ दिग्गज नेता होंगे शामिल**

# शहर में बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सोमवार को दोपहर 12 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संभाग भर में आए भाजपा के कार्यक्रताओं को सम्मानित करेंगे।

पुलिस ग्राउंड मैदान में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा बतौर अतिथि शामिल होंगे। साथ ही जिले के वरिष्ठ नेता विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह, डा कृष्णमूर्ति बांधी एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए भाजपा के जिलाकोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि के निर्देशन पर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमे जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को प्रभार का वितरण किया गया। गुलशन ऋषि ने बताया कि प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अप्रत्याशित परिणाम दिए। ऐसे कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करने एवं समर्पण पूर्ण भावना को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्यरूप से जिला भाजपा कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, दीपक सिंह, मनीष अग्रवाल, शैलेंद्र यादव, रोशन सिंह, महर्षि बाजपेई, यश गौराहा, नितिन छाबड़ा, किरण सिंह, कमला शुक्ला, नीलू कुलमित्र, प्रतिभा गायकवाड सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सम्मेलन स्थल का लिया जायजा



भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी और भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने पुलिस ग्राउंड में सभा स्थल पर पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। विधानसभा चुनाव के बाद जिले में होने वाली यह पहली बड़ी राजनीतिक सभा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बूथ स्तर और मंडल स्तर को पहली बार संबोधित करेंगे। इस दृष्टिकोण से सभा स्थल पर कार्यक्रताओं की बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेस्ट और मंच सहित भोजन वितरण जैसे कार्य्यक्रम से जुड़े अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



## खबर संक्षेप

### ग्राम चीनू में नवधा रामायण 14 से

**मुंगेली।** ग्राम चीनू में अखण्ड नवधा रामायण समारोह चतुर्थ वर्ष का आयोजन 14 से 23 जनवरी तक किया गया है।



अखण्ड नवधा रामायण समारोह में 14 जनवरी को नवधा प्रारंभ, 21 जनवरी को जल यात्रा एवं 23 जनवरी को यज्ञ हवन, सहस्त्रधारा आयोजन किया गया है। अखण्ड नवधा रामायण समारोह के आचार्य पं. दिनेश पाण्डेय कंवलपुर वाले है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### पैसा मांगने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** ग्राम लौदा में उधारी का पैसा मांगने पर मारपीट की गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम लौदा निवासी उत्तम साहू पिता शत्रुहन साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई बलराम साहू को आशीष और श्याम फोन करके गांव के अटल चौक में बुलवाया और कहा कि मैं आपको जो पैसा लग रहा हूं उसे शीघ्र ही वापस कर दूंगा तभी पास खड़े प्रभू यादव ने कहा कि हम पैसा नही देंगे कहकर विवाद करने लगा जिस सुनकर प्रार्थी का पिता शत्रुहन साहू आया और प्रभू यादव को विवाद नहीं करने की बात कहीं जिस पर प्रभू यादव का बेटा गुलशन यादव, सुरेश यादव, रामझुल यादव और प्रभू यादव एक रायहोकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिससे बलराम साहू के सिर में गंभीर चोंटे आयी वहीं शत्रुहन साहू के बांय हाथ की कोहनी पर चोंटे और सिर फटने से रक्त बहने लगा वहीं पास खड़े राजू, सनत, सोनू ने बीच बचाव कर विवाद को शांत किया। पुलिस ने ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### तवा फेंक स्पर्धा में मशीन प्रथम

**तखतपुर।** जेएमपी विद्यालय तखतपुर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तवा फेंक में 9वीं का छात्र मशीन ठाकुर प्रथम और चांद धुरी द्वितीय, 10वी में प्रथम देवेंद्र ठाकुर, 11वीं में राविल बंजारे, 12वीं पवन यादव, 12वीं में साहिल केनार, द्वितीय विक्रम देवांगन रहे। कार्यक्रम को सीबी देवांगन और संजय ठाकुर ने सम्पन्न कराया।

## निधन

### विष्णु प्रसाद गुप्ता

**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी विष्णु प्रसाद गुप्ता का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी को सुबह 10 बजे मस्तूरी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मिथिलेश, बलराम और अश्वनी गुप्ता के पिता व ननकी गुप्ता के बड़े भाई थे।



### मधुसूदन विठालकर

**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी मधुसूदन विठालकर का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अभय विठालकर के पिता थे।



### राहुल त्रिपाठी

**बिलासपुर।** गीतांजली सिटी फेस टू निवासी राहुल त्रिपाठी का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जनवरी को दोपहर बाद सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोज त्रिपाठी के पुत्र व रोहन त्रिपाठी के भाई थे।



### बीके मजूमदार

**बिलासपुर।** अमेरी सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास रहने वाले बीके मजूमदार 'अवकाश प्राप्त सहायक अभियंता' का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी सोमवार को सुबह 10.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनूप मजूमदार के पिता थे।



---

अयोध्या यात्रा के लिए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# अनुरागी धाम कराएगा रामलला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले नौ दिनों से अनुरागी धाम मोतीमपुर में चल रहे अखंड नवधा रामायण समारोह का रविवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी संत शिरोमणि सच्चिदानंद सद्गुरु स्वामी अनुरागी के स्नेह आंचल में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 29 दिसंबर से किया जा रहा था।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु इस रामायण पाठ का श्रवण कर रहे थे। 7 जनवरी रविवार को हवन, शहस्त्र धारा, कन्या भोज के साथ ही विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, मुंगेली जांजगीर, पेंड्रा, मुंबई, पुणे, गुजरात, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, मध्य प्रदेश के अलावा भारत के बाहर ऑस्ट्रेलिया और मोतीमपुर सहित आसपास के करीब 40 गांव के श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। 7 जनवरी की सुबह 10:30 बजे आरती 12:00 बजे सहस्त्र धारा, कन्या भोज के बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें इस बार भी लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में देशभर से साधु संत आकर इसमें शामिल हुए, जिसमें वृंदावन से पुरुषोत्तम महाराज, चित्रकूट धाम से राधेश्याम महाराज, रतनपुर राम टेकरी से श्री शुक्ला महाराज, मसूरी उत्तराखंड के लवदास महाराज के अलावा अन्य स्थलों के भी साधु संत यहां अपना आशीष देने मौजूद थे।



**14 जनवरी को रवाना होंगे भक्तः** अनुरागी धाम में इस बार सबसे विशेष बात ये रही कि इस पवित्र धाम से समिति के द्वारा अपने खर्चे पर पहली बार राम की नगरी अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए स्थानीय ग्रामीण श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया गया। हालांकि वाहनों में सवार सभी श्रद्धालु 14 जनवरी को अपने घरों से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के तमाम पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा बाबा अनुरागी जी के अनन्य भक्त जुटे रहे।

### पूर्व सीएम व बिल्हा विधायक ने की पूजा

समापन समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे। श्री बघेल ने अनुरागी धाम में पूजा की और श्रद्धालु जनों से मेल मुलाकात कर वापस रायपुर लौट गए। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने देशभर से जुड़े श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्थल आस्था का बड़ा स्थल बन चुका है। यहां पूरे 9 दिनों तक अखंड नवधा रामायण किया जाता है। धीरे-धीरे यह पर्यटन स्थल का भी रूप लेता जा रहा है। अनुरागी धाम सेवा समिति के कठिन परिश्रम से ही इस स्थल को यह ऊंचाई प्राप्त हुई है।



# आत्मानंद स्कूल में फन फेयर स्वादिष्ट व्यंजनों ने मोहा मन

**लोरमी।** नगर के स्वामी आत्मानन्द में फन फेयर का आयोजन किया गया। प्राचार्य अरुण जायसवाल के नेतृत्व एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवी जायसवल की अध्यक्षता में हायर सेकेंडरी प्रभाग के विद्यार्थियों ने आनंद मेला का आयोजन किया।

मेले में स्कूल के सदस्य सरिता मौर्य, गीता श्रीवास ,सोहन डड़सेना ,छेदी जायसल ने विभिन्न स्टाल में जाकर स्वादिस्ट व्यंजनों का आनंद लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। हर्षिता यादव व सहेलियों ने चोको बार ,पूजा ने इडली पकोड़ा माही शर्मा नेभेल चाट देवंश ने कोल्ड कॉफी पल्लवी जेवम ग्रुप ने फोटो बूथ पार्थ शर्मा ने चाय हॉट कॉफी स्नेक्स यजूषि पांडेय ने गोल गप्पे तमन्ना ठाकुर ने मैगी पास्ता कुमकुम ने चाउमीन निखिल यादव ने जलेबी का स्टाल लगाया।

प्राचार्य अरुण जायसवाल ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिस्पर्धा से बच्चों में व्यावसायिक गुण कार्यात्मक व्यवहार का विकास होता है जिससे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है।

# वित्त मंत्री से मिले संविदाकर्मी महासंघ के प्रतिनिधि

**मुंगेली।** जिले के संविदाकर्मी महासंघ के प्रदेश सचिव श्रीकांत लास्कर के नेतृत्व में नवनियुक्त वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने नियमितिकरण की मांगों से श्री चौधरी को अवगत कराया। जिस पर वित्त मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर जल्द ही कार्यवाही की जावेगी। संघर्ष के दिनों में साथ देने की स्मृति को यादगार बनाने के महासंघ ने हड़ताल पंडाल पर संबोधित करते हुए ओपी चौधरी का फोटो भी भेंट किया।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के समस्त विभागों के पदाधिकारियों एवं जिला स्तर के संगठन पदाधिकारियों की बैठक रायपुर में आहूत की गई। जिसमें संगठन की आगामी रणनीति के संबंध में चर्चा की गई। महासंघ के प्रांताध्यक्ष कौशलेष तिवारी ने बताया कि वित्त मंत्री से मुलाकात बहुत ही साकारात्मक रही। इस अवसर पर मुंगेली जिले से तारकेश्वर साहू संगठन सचिव, संजय सोनी, विजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, टेक लाल पाटले मीडिया शेख मुश्ताक मुस्तकीम संगठन मंत्री सुदेश यादव जिला राजनांदगांव प्रबंधन डॉ. अमित मिरी जांजगीर चांपा, डॉ. रवि दीक्षित, तिलक साहू बलौदा बाजार, पूरन दास बेमेतरा, संगीता नाग, विरेन्द्र साहू नारायणपुर, शकुंतला एक्का रायगढ़, हरिचरण साहू, राहुल चौबे, विद्युत विभाग डॉ. देवकांत चतुर्वेदी बस्तर, दीपक वर्मा, उत्तम सोनी कांकेर, अशोक सिंह रायपुर, डॉ. ओमप्रकाश धमतरी, प्रदीप शर्मा, सूरज देव सरगुजा, करण कुमार कोंडागांव, विजय यादव बलरामपुर, संजय तिवारी बेमेतरा, हितेश कुमार, रामगोपाल खूंटे महासमुंद सहिंत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित हुए।



# वार्डों में की जा रही अक्षत कलश की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका क्षेत्र के हर वार्ड में अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। श्रद्धालु श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हो रहे हैं। भगवान श्रीराम के 22 जनवरी को होने वाले भव्य आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

इन दिनों पूरे क्षेत्र में कलश यात्रा चल रही है जिसमें श्रद्धालु श्रद्धा के साथ अपनी सहभागीता दे रहे हैं। कलश यात्रा लेकर महिला, पुरूष, बच्चे, युवा, वृद्ध सभी भजन कीर्तन के साथ भ्रमण कर रहे हैं। भगवान श्रीराम का संकीर्तन करते हुए श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं। आगामी 22 जनवरी को आयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा पूजा अर्चना के साथ स्थापित की जाएगी और इसके लिए कलश यात्रा गांव, शहरों सभी जगह चल रही है। नगर में आज अक्षत कलश यात्रा देवांगन मोहल्ला, इंदिरा चौक, विश्वकर्मा मोहल्ला, शीतला चौक, अमलीपारा, राधा कृष्ण मंदिर चंडी चौक मेन पंच गली होलिका चौक लाला गली पटवा गली होते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए।



# कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका टीम का रहा दबदबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

गांधी मैदान में चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने खिलाड़ियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलता है खेल वही, नहीं होता है फेल। खेल जीवन का अभिन्न अंग है सब से कराता मेल।

श्री मोहले ने कहा कि जरहागांव में कबड्डी खेल का वृहद आयोजन हो रहा है जिससे पूरे गांव के साथ आसपास के लोगों में खेल का माहौल बना है। कबड्डी का मंच पाकर सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया कि वे गांव, देश में क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। टीम के उत्साहवर्धन के लिए स्वेच्छा अनुदान से पच्चीस हजार की राशि देने घोषणा की। राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश भर की लगभग 95 टीमों ने भाग लिया है। बालक, बालिका की अलग अलग टीम का मुकाबला रोमांचक हो रहा है जिसमें बालिका टीम अपना दबदबा बनाए हुए है। उमाशंकर साहू ने बताया कि तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता देखने के लिए हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इस जनपद उपाध्यक्ष पवन पांडेय, मंडल अध्यक्ष नरेश पटेल, भाजपा नेता उमाशंकर साहू, श्रीकांत पांडेय, शंभू कश्यप, अश्वनी कश्यप, धीर सिह बंजारे, बेदप्रकाश कश्यप, तरुण साहू, शशिकांत लाल, संगीता डेविड, उमेश साहू आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

- प्रदेश भर की 95 टीमों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

### आज आएंगे उप मुख्यमंत्री साव

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन एवं सम्मान समारोह में शाम 6 बजे डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल होंगे। इस दौरान बरेला से लेकर जरहागांव तक आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथियों में शैलेश पाठक, दुर्गा उमाशंकर साहू, कोमल मरावी, पवन पांडेय, नरेश पटेल, श्रीकांत पांडेय, अश्वनी कश्यप, नितेश भारद्वाज, कुलेश्वर साहू सरपंच धीरसिंह बंजारे मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता विधायक पुन्नूलाल मोहले करेंगे।

# डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से विकास कार्य करेगी: वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम बोडतरा में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने आयोजित शिविर में लोगों को 2047 तक विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

पूर्व जनपद अध्यक्ष महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार अब डबल इंजन की सरकार है। छत्तीसगढ़ में दोगुना रफ्तार से विकास के कार्य पूर्ण होंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल में लाया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव की भाजपा सरकार क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखेंगे। कार्यक्रम में रामेश्वर बंजारे पूर्व जिला सदस्य, दुजेन्द्र सिंह मार्को सरपंच, संजय जायसवाल उपसरपंच, नारद जायसवाल, अभेराम जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, बल्लू जायसवाल, टेकराम जायसवाल, लेखराम जायसवाल, गंगाराम जायसवाल सिरदारी पंद्राम, सेवा जायसवाल, जगदीश जायसवाल स्कूली बच्चे, ग्रामीणजन एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### डीएवी गोढ़ी के छात्र ताइक्वांडो में दिखा रहे जौहर



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के छात्र पानीपत और सोनीपत हरियाणा में आयोजित जूडो और ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखा रहे हैं। प्रतियोगिता में शामिल अमन रात्रे, धनवीर डहरिया, मयंक कोशले, रविंद्रजीत, अर्पित निर्मलकर और वैभव पाण्डेय छात्रों का मुकाबला जारी है जिसमें पहले राउंड के खेल पूरे हो चुके हैं और दूसरे राउंड का खेल अभी बाकी है। दिलचस्प बात यह है कि सभी टीम अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए अपना दम कम दिखा रही है और पदक लेने में लगे हुए हैं।

### कपड़ा सुखाने के विवाद में मारपीट

**तखतपुर।** तार पर कपड़ा सूखाने के नाम पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार नंगचुई निवासी कमल पाटले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह 5 जनवरी को शाम 7 बजे घर में था उसकी मां गीता बाई बगल के जाली तार में कपड़ा सुखाई थी तभी बात को लेकर मालिकराम यादव, जितेंद्र यादव, पकला यादव, मोदी यादव ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।



# स्वस्थ रहने संतुलित आहार की आवश्यकता

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा षष्ठम प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे 'कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक' अभियान के तहत कार्यक्रम कराया गया। सूर्या फाउण्डेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं नेशनल इंस्टिट्यूटस ऑफ नेचुरोपैथी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन पश्चात दैनिक प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर द्वारा योग के महत्व को बताते हुए बैठकर, खड़े होकर तथा पेट-पीठ के बल करने वाले योग को सामूहिक रूप से करवाया गया। संस्था के व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर ने कहा कि आज के भागदौड़ में सभी को स्वस्थ रहने के लिए थोड़ा सा भी समय निकालकर प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के साथ-साथ नशापान एवं मांसाहार को छोड़कर संतुलित आहार को अपनाने की आवश्यकता है। उपस्थित सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने योग किया तथा सभी ने स्वास्थ रक्षक बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्रीमति आशा दिवाकर, गोफेलाल, नरेशकुमार, छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया।

## बिजनेस साइट

# 50-50 गोलमाल के प्रमोशन में रोहित को मिला पहला इनाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ब्रिटानिया कम्पनी के नए उत्पाद 50-50 गोलमाल के प्रमोशन में पहला इनाम रोहित तोलानी को मिला। वहीं दूसरा अस्मीत चंचल और तीसरा पुरस्कार किरीत देवांगन, दिनेश देवांगन को मिला।

ब्रिटानिया कम्पनी बिस्किट उत्पाद में भारत में सबसे बड़ी कम्पनी है और इसके बहुत से चर्चित उत्पाद बाजार में है। वर्तमान में कम्पनी ने नए उत्पाद 50-50 गोलमाल का निर्माण किया है। नमकीन और मीठा कम्पनी द्वारा निकाले गए इस उत्पाद का प्रदेश के हर शहर में प्रमोशन किया जा रहा है। आज ब्रिटानिया कम्पनी तखतपुर के वितरक टेकचंद कारड़ा के यहां पुराना बस स्टैण्ड में प्रमोशन में 50-50 गोलमाल के लिए काउंटर लगाया गया था जहां ब्रिटानिया कम्पनी टीम के अंकित कुमार छानिसिया, पवन कुमार सुलानिया ने गोलमाल बिस्किट का स्टाल में उपस्थित लोगों को टेस्ट कराया और 100 रूपए का बिस्किट लेने वाले ग्राहकों का नाम कार्ड में उनके मोबाईल नम्बर के साथ लिखा और दिनभर गोलमाल के प्रमोशन के बाद शाम को वासुदेव स्टोर्स में इसका ड्रा किया गया जिसमें पहला ईनाम रोहित तोलानी को मिला। वहीं दूसरा अस्मीत चंचल और तीसरा किरीत देवांगन, दिनेश देवांगन को मिला। राहुल कश्यप ने बताया कि गोलमाल बिस्कीट एक नए स्वाद का बिस्किट है जो अब तक किसी भी बिस्किट में ऐसा स्वाद नहीं था। राकेश मंदानी ने कहा कि 50-50 अब तक बाजार में उपलब्ध था। अब 50-50 गोलमाल बाजार में सभी को पसंद आएगा। इस अवसर पर दिलीप तोलानी, शेरा देवांगन, भारत तोलानी, दऊवा ध्रुव, हरि ठाकुर, आदित्य कश्यप, बडकू यादव, छोटकू यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

गांवों में किया जा रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# एक लाख से अधिक लोगों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

**मुंगेली।** केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में अब तक जिले के 87 ग्रामों में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें 1 लाख 06 हजार से अधिक लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान 896 स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित विशिष्ट अतिथिगण भी शामिल हुए।

शिविर में 36 हजार 364 लोगों का स्वास्थ्य स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 22 हजार 858 लोगों का टीबी स्क्रीनिंग एवं 14 हजार 487 लोगों का सिकलसेल स्क्रीनिंग किया गया और जरूरतमंदों को आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। इसके साथ शिविर में 728 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। 02 हजार 252 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। 552 लोगों ने सुरक्षा बीमा योजना एवं 309 लोगों ने जीवन ज्योति बीमा योजना, 79 लोगों ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में 87 हजार 667 लोगों द्वारा भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। 2306 महिलाओं, 4186 विद्यार्थियों, 744 खिलाड़ियों और 820 स्थानीय कलाकारों को विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 07 हजार 327 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना सुखद अनुभव भी साझा किया।



स्टाल में योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

### क्विज में 968 हुए शामिल

धरती कहे पुकार में 87 और क्विज में 968 लोगों ने भाग लिया। 1455 लोगों का मेरा भारत के तहत वॉलिंटियर के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। 21 किसानों के खेत में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव और 65 मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदर्शन किया गया। शिविर के दौरान नेचुरल फार्मिंग के लिए 71 किसानों से सम्पर्क किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 08 जनवरी को जिले के मुंगेली ब्लाक के ग्राम सेतगंगा तथा सिंगारपुर, पथरिया ब्लाक के ग्राम मदकू तथा चंदखुरी और लोरमी ब्लाक के ग्राम खैरवार खुर्द तथा दाउकापा में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जाएगी।